हिन्दी व्याकरण

# उपसर्ग

* उपसर्ग :- उपसर्ग दो शब्दों से मिलकर बना है- उप + सर्ग। 'उप' का अर्थ है - समीप और 'सर्ग' का अर्थ है - सृष्टि करना अर्थात् नए अर्थ वाला शब्द बनाना। इस प्रकार उपसर्ग किसी शब्द से जुड़कर नए अर्थ वाले शब्द का निर्माण करता है।

उदाहरण - उप + कार = उपकार
आ + गमन = आगमन
वि + नाश = विनाश

* कुछ उपसर्गों से बनाए गए शब्द :-

उपसर्ग

अ - अजर, अमर, अथाह, अमूर्त।

आ - आजीवन, आगमन, आजन्म, आदान।

अन - अनपढ़, अनजान, अनगिनत, अनबन।

अनु - अनुज, अनुगमन, अनुकरण, अनुराग।

अप - अपयश, अपमान, अपशब्द, अपहरण।

उप - उपग्रह, उपप्रधान, उपदेश, उपकार।

नि - निबल, निडर, निवेदन, निवास।

Page No. :
Date :

निर् - निर्बल, निर्भय, निर्मल, निर्वासन।

निस् - निश्छल, निष्फल, निष्कासन।

दुर् - दुर्गम, दुर्दशा, दुराचार, दुरुपयोग

दुस् - दुष्कर, दुष्कर्म, दुस्साहस, दुष्प्रचार।

## अभ्यास कार्य

1. उपसर्ग किसी शब्द में किस स्थान पर जोड़े जाते हैं?

=> उपसर्ग किसी शब्द के आगे जोड़े जाते हैं।

2. किसी शब्द में उपसर्ग जोड़ने पर क्या होता है?

=> किसी शब्द में उपसर्ग जोड़ने पर नए अर्थ वाले शब्द का निर्माण होता है।

3. किन्हीं चार उपसर्गों के नाम लिखिए।

=> अ, अन, उप, आ।

(4) निम्नलिखित शब्दों में से मूलशब्द व उपसर्ग को अलग - अलग कीजिए :

| | शब्द | मूलशब्द | उपसर्ग |
|---|---|---|---|
| (i) | पराजय | जय | परा |
| (ii) | सुमार्ग | मार्ग | सु |
| (iii) | आहार | हार | आ |
| (iv) | प्रतिदिन | दिन | प्रति |

(5) नीचे दिए गए शब्दों के आगे 'अ' जोड़कर नए शब्द बनाइए :

सत्य - असत्य    नाथ - अनाथ

न्याय - अन्याय    संभव - असंभव

(6) नीचे दिए गए शब्दों के आगे 'निर्' उपसर्ग लगाकर नए शब्द बनाइए :

(i) ~~आधार~~ निर् + आधार = निराधार

(ii) निर् + अक्षर = निरक्षर

(iii) ~~निराश्र~~ निर् + आश्रय = निराश्रय

Page No. :
Date :

(7) नीचे दिए गए शब्दों के आगे 'अन्' जोड़कर नए शब्द बनाओ :

(क) अनपेक्षित = अन् + अपेक्षित

(ख) आचार = अन् + आचार = अनाचार

(ग) उपयोगी = अन् + उपयोगी = अनोपयोगी

(घ) आवश्यक = अन् + आवश्यक = अनावश्यक

(ङ) इच्छा = अन् + इच्छा = अनिच्छा

(8) निम्नलिखित उपसर्गों से दो - दो शब्द बनाइए -

(i) अव - अवगुण, अवतरण

(ii) अध - अधमरा, अधपका

(iii) आ - आजीवन, आगमन

(iv) पर - परोपकार, परलोक

(v) स्व - स्वदेश, स्वतंत्र